भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3817
11 अगस्त, 2023 को उत्तर के लिए

रक्षा अधिकारियों के लिए मूल्यांकन प्रणाली

3817. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का सभी रक्षा अधिकारियों के लिए समान मूल्यांकन प्रणाली बनाने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने सशस्त्र सेनाओं के दो और तीन स्टार वाले अधिकारियों के लिए एक सामान्य वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट अनुमोदित की है ;

(घ) क्या सरकार उपर्युक्त सुधारों के अतिरिक्त एचआर संबंधी अन्य उपाय भी कर रही है जिन्हें थिएटर कमांड के सृजन से पहले किए जाने की आवश्यकता है ; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या अन्य कदम उठाए गए हैं ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): इस स्तर पर ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(ख): शून्य ।

(ग): सशस्त्र सेनाओं के दो और तीन स्टार वाले अधिकारियों के लिए कोई सामान्य वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) अनुमोदित नहीं की गई है । तीनों सेनाओं (भारतीय सेना, नौसेना तथा वायु सेना) के दो और तीन स्टार वाले अधिकारियों के लिए सामान्य एसीआर का केवल एक भाग प्रस्तुत किया गया है ।

(घ): तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं ।

(ड.): अधिकारियों का पारस्परिक आधार पर प्रशिक्षण और तालमेल बनाए रखने को प्रोत्साहित करने हेतु मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी)/अनुदेशों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद अन्य सेनाओं में पारस्परिक तैनाती ।

****